प्रेसनोट दिनांक 08.02.2025
थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।

थाना शेरगढ़ जनपद बरेली पुलिस द्वारा "आपरेशन खोज" अभियान के अन्तर्गत चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाला अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के द्वारा चलाये गये अभियान "**ऑपरेशन खोज**" के अनुक्रम में थाना प्रभारी शेरगढ़ के नेतृत्व में थाना शेरगढ़ पुलिस टीम एवं पीआरवी द्वारा संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के दौरान अभियुक्त 1. सलमान पुत्र नफीस नि0 मो0 कावर कस्बा/थाना शेरगढ जनपद बरेली को चोरी की 01 मोटर साइकिल के साथ ग्राम मोहम्मदपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा चोरी की मो0सा0 पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मो0सा0 का प्रयोग किया जा रहा था, जिसके संबंध में थाना शेरगढ़ जनपद बरेली पर मु0अ0स0 40/25 धारा 317(2)/318(4) बीएनएस किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

संक्षिप्त विवरण –

"आपरेशन खोज" अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए थाना शेरगढ़ पुलिस के द्वारा ग्राम मोहम्मदपुर तिराहे पर चैकिंग की जा रही थी, तभी एक मो0सा0 जिसको रूकने का इशारा किया गया तो मो0सा0 पर सवार युवक ने भागने का प्रयास किया, किन्तु रोक लिया गया। युवक ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था और मो0सा0 भी मोडिफाइड की हुई थी। मोटर साइकिल पर अंकित रजि0 न0. UP-25-AC-1708 को ई-चालान ऐप पर डालकर देखा गया तो उक्त रोकी गयी मो0सा0 पर अंकित चैसिंस न0. व इंजन नं0. का मिलान किया गया तो दोनो भिन्न पाये गये। मो0सा0 पर चैसिस न0 MBLHA10EZAHM67324 तथा इंजन न0 HA10ELEHG32459 अंकित है। मो0सा0 पर अंकित चैसिस न0. MBLHA10EZAHM67324 को ई-चालान एप के माध्यम से चैक किया गया तो रजि0 न0. UP-22-M-9921 स्पलेण्डर प्लस वाहन स्वामी ओमवीर सिंह पुत्र श्री हरप्रसाद नि0 हिम्मतगंज तहसील मिलक जनपद रामपुर के नाम पर पंजीकृत होना पाया गया, जिसके संबंध में थाना इज्जतनगर जनपद बरेली पर मु0अ0स0 103/25 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीकृत है तथा इंजन न0. HA10ELEHG32459 के संबंध में थाना किच्छा जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड में मु0अ0स0 49/24 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीकृत है। अभियुक्त सलमान उपरोक्त ने बताया कि मैंने व मेरे भाई फैजी ने नवम्बर महीने में एक मो0सा0 किच्छा उत्तराखण्ड व एक मो0सा0 बरेली एयरपोर्ट के पास से कुछ माह पूर्व चोरी की थी । मेरा भाई फैजी जोकि मोटर साईकिल मिस्त्री उसने मो0सा0 के पार्टस को बदलकर मो0सा0 को मोडिफायी कर दिया था तथा फर्जी नम्बर लगाकर हम लोग मो0सा0 को चला रहे थे ।

गिरफ्तार अभियुक्त नाम पता/आपराधिक इतिहास–

1. **सलमान पुत्र नफीस नि0 मोहल्ला कावर कस्बा शेरगढ थाना शेरगढ जनपद बरेली ।**
    1. मु0अ0सं0 40/25 धारा 317(2)/318(4) बीएनएस थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
    2. मु0अ0स0 103/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
    3. मु0अ0स0 49/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना किच्छा जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड।

नाम पता वांछित अभियुक्त –

1. फैजी पुत्र नफीस नि0 मोहल्ला कावर कस्बा शेरगढ थाना शेरगढ जनपद बरेली ।

बरामदगी –

1. 01 मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्रो चोरी की ।

पुलिस टीम –

1. थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
2. व0उ0नि0 आदित्य गौरव श्रीवास्तव, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
3. उ0नि0 बालेन्द्र सिंह, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
4. उ0नि0 भोपाल सिंह, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
5. हे0का0 975 ब्रजेश कुमार, पीआरवी 0191, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
6. कां0 2245 कौशिन्दर, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
7. का0 08 सत्यम चौधरी, पीआरवी 0191, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।